## सार-समाचार

### राजीव गांधी भवन में बैठक आयोजित

**जालोर**,(क.सं.)। राजीव गांधी पंचायती राज संगठन जालोर की बैठक शनिवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव गांधी भवन में राजीव गांधी पंचायती राज संगठन के प्रदेश प्रभारी जयंती भाटिया, एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कसाना एवं विनय व्यास की मौजूदगी में संपन्न हुई। बैठक को संबोधित करते हुए संगठन प्रदेश प्रभारी जयंती भाटिया ने कहा कि संगठन को जिले में मजबूती प्रदान करने के लिए जरूरी है कि प्रत्येक संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गांव-गांव पहुंचे व संगठन को मजबूती प्रदान करने का काम करें। जल्द ही आने वाले समय में जिला स्तरीय दो दिवसीय आवाशीय शिविर रखा जाएगा। जिसमें पंचायत जनप्रतिनिधियों एवं शहरी निकाय जनप्रतिनिधियों की भागीदारी रहेगी। भाटिया ने कहा कि जो संगठन में सक्रिय रूप से भागीदारी नहीं निभाएगा। उन्हें संगठन के दायित्व से मुक्त कर दिया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए एआईसीसी सदस्य जितेंद्र कसाना ने कहा कि कांग्रेस द्वारा इस संगठन का गठन इसलिए किया गया है ।ताकि पंचायतीराज व्यवस्था को जो 73वें एवं 74वें संविधान संशोधन के तहत जो कानूनी अधिकार मिले हैं ।उन्हें केंद्र एवं राज्य सरकारों के माध्यम से स्थानीय शासन व्यवस्था में लागू करवाना और उसके लिए जरूरी है कि इस संगठन द्वारा पंचायत एवं शहरी जनप्रतिनिधियों को जागरूक किया जाए व उन्हें संगठित कर आंदोलन किया जाए ताकि उन्हें संविधान में प्रदत अधिकारी मिल सके। बैठक को संबोधित करते हुए युवा नेता विनय व्यास ने कहा कि हम सभी को संगठित होकर बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाना है और ज्यादा से ज्यादा जनप्रतिनिधियों को संगठन से जोड़ना है। बैठक को समाजसेवी एवं कांग्रेसी मुरीदखान मेहर, सेसावा सरपंच विजयपाल सिंह अगड़ावा,पूर्व नेता प्रतिपक्ष नगर परिषद जालौर कालूराम मेघवाल, पूर्व आईटी सेल प्रमुख आमीन मोयला, नरेंद्र मेघवाल फखरुद्दीन मेहर, पूनम सांखला, किरण सुथार, अय्यूबखान ने भी संबोधित किया। बैठक का संचालन सुष्मिता गर्ग द्वारा किया गया।

### शिक्षा अधिकारी ने निरीक्षण किया

**जालोर**, (का.सं.)। निकटवर्ती ओडवाडा ग्राम पंचायत में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी किस्तूराराम बामनिया ने पीईईओ क्षेत्र के समस्त विद्यालयों का आकस्मिक निरीक्षण करते हुए संस्था प्रधानों को विभागीय निर्देशों की पालना के लिए आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए। शनिवार को प्रात:काल बामनिया ने राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय गोलियां ओडवाडा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पांणवा और राजकीय प्राथमिक विद्यालय इंदिरा कॉलोनी ओडवाडा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान संस्थाप्रधानों को हरियालो राजस्थान के तहत निर्धारित लक्ष्य अनुसार वृक्षारोपण, शालदर्पण ऑनलाइन मॉड्यूल, पोषाहार संचालन, प्रवेश उत्सव कार्यक्रम, ड्रॉपआउट सर्वे, बाल गोपाल दुग्ध योजना के साथ-साथ पाठय पुस्तक वितरण और शैक्षणिक गुणवत्ता का निरीक्षण करते हुए अध्यापकों और बालकों को आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए ।बामनिया ने राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय पांणवा के कक्षा 8 के विद्यार्थियों से रूबरू होते हुए हिंदी और गणित विषय के विभिन्न प्रश्न पूछ कर उनके शैक्षणिक स्तर की जांच की तो बालकों ने उनके प्रश्नों का उत्तर देकर उन्हें संतुष्ट किया। इस दौरान प्रधानाचार्य किशनाराम पटेल, देवीसिंह परिहार, शारीरिक शिक्षक गणपतसिंह मंडलावत, छगनलाल बाजक, हनुमानाराम, देवाराम, प्रमोदकुमार दवे, भानुप्रताप, पूजा चौहान, रमेशकुमार, नेमाराम सहित स्टाफ से विद्यालय व्यवस्था को लेकर आवश्यक जानकारी प्राप्त की। विद्यालयों की व्यवस्था और शिक्षण कार्य सुचारू और संतोषजनक पाया गया तथा समस्त स्टाफ अपने निर्धारित कार्यों में व्यस्त देखा गया।

### भूतनाथ मंदिर में गूंजे जयकारे

**जोधपुर**, (कासं) । भौगीशैल पर्वतमाला की सुरम्य तलहटी में स्थित भूतेश्वर महादेव भूतनाथ मंदिर में शनिवार को पाटोत्सव बड़े ही धूमधाम, श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर परिसर अलौकिक वातावरण में डूबा रहा। प्रात: काल से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें मंदिर द्वार पर देखी गई, जहां भक्त शिवलिंग के दर्शन व पूजन के लिए उत्सुक थे। मंदिर प्रवक्ता ने बताया कि पाटोत्सव के मुख्य अनुष्ठानों का शुभारंभ पंडित अजय हर्ष के आचार्यत्व में रुद्राभिषेक से हुआ। मुख्य यजमान इंजी शैलेन्द्र बोहरा थे। इस दौरान 51 विद्वान पंडितों द्वारा सामूहिक रूप से रुद्री पाठ का आयोजन किया गया। रुद्री पाठ के साथ दुग्धाभिषेक, पंचामृत स्नान, इत्र एवं दुर्लभ औषधियों द्वारा शिवलिंग का भव्य अभिषेक किया गया। शिव महिमा के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा। पाटोत्सव के उपलक्ष्य में मंदिर को रंग-बिरंगी रोशनी, पुष्पों की माला, बंदनवारों और धार्मिक झंडों से भव्य रूप से सजाया गया। मंदिर की सजावट ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। पूरे परिसर में भजन-कीर्तन और रुद्री पाठियो सम्मेत स्वर की गूंज ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर सिद्धपीठ गढ़ सिवाना के गादीपति नृत्य गोपाल राम महाराज ने मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना की। उन्होंने देश और प्रदेश में शांति, समृद्धि और सद्भाव की कामना करते हुए शिव का आशीर्वाद मांगा। उनके सान्निध्य में कई श्रद्धालुओं ने व्यक्तिगत रूप से आशीर्वाद प्राप्त किया।

### फैक्ट्री व स्टोर रूम में चोरी

**जोधपुर**, (कासं) । कमिश्नरेट में दो जगहों पर चोरी की घटनाएं हुई। मथानिया में एक फैक्ट्री से अज्ञात चोर 25 बोरी कपास यानी पशु आहार चोरी कर ले गए और दूसरी तरफ एक कारोबारी के स्टोर रूम से तीन लाख की नगदी पार हो गई। संबंधित थाना पुलिस अब चोरों का पता लगाने में जुटी है। मथानिया पुलिस ने बताया कि खेतानाडी मंडोर रोड निवासी पुखराज पुत्र हरिनारायण माहेश्वरी ने रिपोर्ट दी। इसमें बताया कि उसकी एक फैक्ट्री मथानिया रामकुटिया में आई है। जहां पर पशु आहार रखा हुआ था। अज्ञात चोरों ने 9 जुलाई को फैक्ट्री के ताले तोडक़र वहां से 25 बोरी पशु आहार चोरी कर लिया। चोरी की इस वारदात में पुलिस ने बताया कि चोरों द्वारा किसी चौपहिया वाहन का भी सहारा लिया है। फैक्ट्री के सीसीटीवी फुटेज देख चोरों की पहचान के साथ तलाश की जा रही है। इधर प्रतापनगर सदर पुलिस ने बताया कि चौपासनी रोड बोंबे मोटर्स के पास रहने वाले तरूण ओझा पुत्र ज्योति प्रकाश अरोड़ा कारोबारी है। उसका एक स्टोर रूम बोम्बे मोटर्स के पास में ही आया है। स्टोर रूम में तीन लाख रखे हुए थे। जोकि अज्ञात चोर 17 जुलाई को चोरी कर ले गए। तरूण ओझा ने रिपोर्ट दी है।

### न्यायिक कर्मचारियों का प्रदर्शन

**जोधपुर**, (कासं) । कैडर पुनर्गठन की मांग को लेकर न्यायिक कर्मचारियों का धरना-प्रदर्शन शनिवार को भी जारी रहा। न्यायिक कर्मचारियों ने हाईकोर्ट हेरिटेज में धरना दिया। राजस्थान न्यायिक कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष ने बताया कि हाईकोर्ट पूर्णपीठ की मंजूरी के बावजूद राज्य सरकार अधीनस्थ अदालतों के कर्मचारियों की कैडर पुनर्गठन की मांग पर कार्रवाई नहीं कर रही। वित्त विभाग की मंजूरी नहीं होने के कारण मामला अटका हुआ है। कैडर पुनर्गठन को लेकर हाईकोर्ट की पूर्ण पीठ ने दो साल पहले प्रस्ताव राज्य सरकार को भेज दिया। इसके बावजूद राज्य सरकार कार्रवाई नहीं कर रही। यह कर्मचारियों के हितों पर कुठाराघात है। इस सबंध में प्रदेशाध्यक्ष एवं अन्य साथी कर्मचारी 14 जुलाई से जयपुर मुख्यालय पर भूख हडताल पर है। इसी कड़ी में सभी संवर्ग के कर्मचारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारी धरना दे रहे है।

### पब्लिक पार्क में कथा 25 से

जोधपुर, (कासं) । पब्लिक पार्क शिव मन्दिर में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक होने वाली श्रीमद्भागवत् कथा के बैनर का विमोचन महामंदिर शिववाड़ी में किया गया। प्रवक्ता पण्डित गिरीश दवे ने बताया कि स्व. पुरूषोत्तम शर्मा एवं स्व. मंजू शर्मा की स्मृति आयोजित होने वाली कथा का रसपान ब्रजधाम से युवा संत श्रीप्राण वल्लभ महाराज के मुखारबिन्द से किया जायेगा। विमोचन कार्यक्रम में कथा व्यास प्राण वल्लभ महाराज के साथ अखिल भारतीय श्रीमाली ब्राह्मण सामाज अध्यक्ष श्री विधुशेखर दवे, एडवोकेट प्रवीण दयाल दवे, कैलाश श्रीमाली, सुनिल त्रिवेदी, पण्डित चन्द्रशेखर दवे, दुष्यंत जोशी, भगवती लाल दवे, प्रकाश शर्मा, धर्मेंद्र बोहरा, अशोक जोशी, पण्डित रितेश दवे, सन्तोष व्यास, मधु सुदन दवे, नन्द किशोर दवे, ओम प्रकाश दवे, जितेन्द्र दवे, महेंद्र दवे,अशोक दवे, कैलाश बोहरा, राजेन्द्र अवस्थी आदि के साथ बड़ी संख्या में समाज बन्धु उपस्थित थे। पब्लिक पार्क में कथा का नित्य दोपहर 1 से 4 बजे तक होगी।

### सानिध्य भंडारी बने जोधपुर सिटी टॉपर

**जोधपुर**, (कासं) । पुनर्मूल्यांकन परिणाम के बाद डी पी एस, पाल रोड के मेधावी छात्र सानिध्य भंडारी माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की दसवीं की परीक्षा में 500 में से 496 अंक प्राप्त कर सिटी टॉपर बन गए हैं। उल्लेखनीय है कि सानिध्य ने संस्कृत और डेटा साइंस में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी विलक्षण प्रतिभा का उदाहरण पेश किया। पुनर्मूल्यांकन के बाद एक अंक की बढ़ोतरी होने से उनके अंक 500 में से 496 हो गए।

# नाथजी के प्रतिनिधि मंडल की बात का नहीं रखा मान, कथावाचक मंत्री के साथ मंदिर पहुंचे



जालोर के भैंरूनाथ अखाड़े में नाथजी के प्रतिनिधि मंडल योगी रेवतीनाथ, योगी आनंदनाथ व योगी सांईनाथ महाराज प्रेस से रुबरु हुए। फोटो-राष्ट्रदूत



कथावाचक अभयदास ने मंत्री जोराराम कुमावत के साथ जाकर बायोसा माता मंदिर के दर्शन किये। फोटो-राष्ट्रदूत

**जालोर**, (कासं)। जालोर जिला मुख्यालय पर कथावाचक अभयदास महाराज के बायोसा मंदिर दर्शन अपने भक्तों के साथ करने की जिद के चलते दूसरे दिन भी मौहाल गरमाता नजर आया। एक भक्त के घर की छत पर कथावाचक अभयदास के अनशन पर बैठने से दिनभर भीड़ नजर आई शनिवार को जालोर शहर के आपसी भाईचारा व सौहार्द बनाये रखने के लिए सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज ने अपने प्रतिनिधि मंडल को अभयदास से समझाईश करने के लिए भेजा, लेकिन कथावाचक की ओर से नाथजी के प्रतिनिधि मंडल की बात नहीं मानने से वे वापस भैंरुनाथ अखाड़े लौट आये तथा प्रेस वार्ता कर कथावाचक का समर्थन नहीं करने तथा नाथजी की बात नही मानने पर रोष जताया। शाम को राज्य सरकार के मंत्री जोराराम कुमावत कथावाचक के पास पहुंचे तथा उन्होंने समझाइश की। कथावाचक ने मंत्री कुमावत की बात मानते हुए बस में उनके साथ बायोसा मंदिर पहुंचकर दर्शन किए। इसके बाद अनशन समाप्त किया।

जालोर में शहीद भगतसिंह स्टेडियम में गत कई दिनों से कथावाचक अभयदास महाराज द्वारा श्रीमद भागवत कथा, नानी बाई का मायरा व शिवपुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक कुछ दिन पूर्व शाम के समय जालोर किले पहाडी स्थित बायोसा मंदिर के दर्शन करने पहुंचे। वहां पास में स्थित मजार को लेकर बयान दिया था। इसके बाद जालोर में अशांति का माहौल बन गया था। शुक्रवार को कथावाचक के बायोसा मंदिर के दर्शन भक्तों के लवाजमे के साथ करने रवाना होने पर पुलिस ने बिना इजाजत के भारी संख्या में जुलूस के रुप में जाने पर रोका। काफी गहमागहमी के बाद कथावाचक एक भक्त के घर की छत पर शरण लेकर भक्तों के साथ बायोसा मंदिर के दर्शन करने की जिद करने लगे।

शनिवार को भी कथावाचक के अनशन पर रहने पर लोगों की काफी भीड एकत्रित हो गई। ऐसे में जालोर के सिरे मंदिर धाम के पीर गंगानाथ महाराज ने कथावाचक अभयदास महाराज को शांतिपूर्ण तरीके से बायोसा मंदिर के दर्शन करने की बात कही। जिसके बाद उन्होंने एक आम अपील भी प्रसारित की तथा सिरे मंदिर धाम से नाथजी ने अपने प्रतिनिधि मंडल के रुप में योगी रेवतीनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज व योगी सांईनाथ महाराज को कथावाचक से समझाईश करने के लिए भेजा, लेकिन कथावाचक ने नाथजी के प्रतिनिधि मंडल की भी बात नहीं मानी तथा वहां उपस्थित लोगो ने भी नाथजी की बात नहीं मानकर कथावाचक का सहयोग किया।

मामले को बिगडते देखकर शाम करीब साढे पांच बजे प्रदेश के केबीनेट मंत्री जोराराम कुमावत कथावाचक के पास पहुंचे तथा उनके साथ जिला कलैक्टर व एसपी भी पहुंचो मंत्री ने कथावाचक को पचास पचास की टूकडी के साथ बस से दर्शन करने की बात कही। वही एसपी व जिला कलैक्टर ने भी बस के माध्यम से कानून व्यवस्था बनाये रखने के लिए कथावाचक को दर्शन करने की बात कही। काफी गहमा गहमी के बाद शाम करीब छह बजे कथावाचक मंत्री की बात पर सहमत हुए तथा बस में मंत्री कुमावत के साथ कथावाचक अभयदास बायोसा मंदिर के दर्शन रवाना हुए। उसके पीछे काफी संख्या में भक्तो की भीड नजर आई । संध्या के समय अभयदास, मंत्री कुमावत अपने भक्तो के साथ बायोसा मंदिर पहुंचे तथा वहां बायोसा माता के दर्शन करने के साथ पूजा अर्चना की तथा संध्या की आरती की। इसके बाद पुलिस जाब्ता के साथ कथावाचक किले से उतर कर बस के माध्यम से वापस चले गयो वही भक्तो ने भी बाद में बायोसा मंदिर के दर्शन कियो बायोसा मंदिर के दर्शन के बाद कथावाचक ने आमरण अनशन को तोडा । इसके बाद शहर में माहौल में शांतिपूर्ण बना रहा । लेकिन कथावाचक के नाथजी के प्रतिनिधि मंडल के साथ दर्शन करने से मना कर एक मंत्री के साथ बस में दर्शन करने जाना चर्चा का विषय बना रहां

भैरुनाथ अखाड़े के व्यवस्थापक पारसमल परमार ने भी आमजन से पीरजी बावसी के आदेश मानने की बात कही। बात नहीं माने जाने पर नाराज नाथजी के भक्त नाथजी के प्रतिनिधि मंडल के साथ वापस वहां से चले गए। लेटा महंत रणछोड भारती महाराज ने भी लोगों से शांति बनाये रखने की अपील की। लोगों का जोश देखकर कथावाचक अपनी जिद पर अड़े रहे तथा बायोसा मंदिर भक्तो के साथ करने की बात करते रहे।

जालोर विधायक जोगेश्वर गर्ग प्रदेश में विधानसभा के मुख्य सचेतक है तथा कथा करवाने वाले आयोजक मुख्य भी है। ऐसे में जालोर शहर में दो दिन माहौल काफी अशांति का बना रहा, लेकिन विधायक व मुख्य सचेतक जोगेश्वर गर्ग जालोर नहीं पहुंचे। विधायक का एक विडियो वायरल हुआ, जिसमें वे कथावाचक का समर्थन करते नजर आये।

### नाथजी के प्रतिनिधि मंडल ने बाद में की प्रेस वार्ता

नाथजी के प्रतिनिधि मंडल की बात कथावाचक द्वारा नहीं मानने पर भेरुनाथ अखाड़े में योगी रेवतीनाथ महाराज, योगी आनंदनाथ महाराज ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जालोर के भाईचारा, आपसी सौहार्द व एकता को किसी भी कीमत पर समाप्त होने नही दिया जायेगा। जालोर शांति प्रिय जिला है तथा उसे किसी प्रकार अशांति में नहीं धकेला जायेगा। कथावाचक को पीर गंगानाथ महाराज के आदेश से अवगत करवाने के बाद भी वे नहीं माने तथा अपनी जिद पर अड़े रहे। ऐसे में कथावाचक से हमारा किसी प्रकार से कोई लेना देना नही है हमारे भक्तो को वहा से हटने के लिए कह दिया है। यदि नाथजी के भक्त होगे तो वहां से हट जायेगे। यदि बायोसा मंदिर के पास मजार पर अतिक्रमण किया हुआ है तो वह जांच का विषय है। कथावाचक की जिद से लगता है कि वह जालोर के शांतिप्रिय माहौल को बिगाडना चाहते है। कथावाचक नाथजी से उपर नही है। वही अन्य हिन्दू संगठन ने भी नाथजी का समर्थन किया। व्यापार मंडल के शंकरसिंह बगेडिया व दी जनरल मर्चेण्ट एसोसिएशन के जालमसिंह नारावत ने भी कथावाचक का समर्थन नही देते हुए शांतिप्रिय माहौल को बनाये रखने के लिए नाथजी के प्रतिनिधि मंडल के साथ खड़े दिखे।

### कथावाचक रवाना हुए, लोगों की भीड़ ने रोष जताया

मंदिर दर्शन के बाद कथावाचक अभयदास देर शाम जालोर से तखतगढ़ के लिए रवाना होने पर भगतसिंह स्टेडियम पर लोगों की भीड़ एकत्रित होकर आक्रोश जताने लगे। वहीं हरिदेव जोशी सर्किल पर भी जाम लगा दिया। इस दौरनपुलिस ने लोगों को हटाकर जाम खुलवाया।

## बड़ला नगर में 31 विकास कार्यों का लोकार्पण

**जोधपुर**, (कासं) । मुख्यमंत्री वृक्षारोपण महाभियान - हरियाळो-राजस्थान' के ब्लॉक स्तरीय वृक्षारोपण कार्यक्रम एवं लोकार्पण समारोह ग्राम पंचायत बड़ला नगर पं. स. धवा में शनिवार को संसदीय कार्य, विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।

पटेल ने विधायक निधि से रा.उ.मा.वि. कुम्हारियानाडा में टीन शेड निर्माण कार्य एवं ग्राम पंचायत में लाइब्रेरी सहित 113.70 लाख रूपये की लागत के 31 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सतत् एवं सर्वस्पर्शी विकास के लिए कटिबद्ध होकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा सरकार ने एसआईटी का गठन कर पेपरलीक माफियाओं पर कड़ा प्रहार किया है। पटेल ने कहा राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में 35 लाख करोड़ रूपये के एमओयू हुए, जिनमें से लगभग 3 लाख करोड़ के एमओयू का धरातल पर कार्य शुरू हो गया है। उन्होंने कहा 5 वर्ष में 4 लाख युवाओं को सरकारी नौकरी दी जाएगी।

संसदीय कार्य मंत्री ने कहा 75 हजार से अधिक सरकारी पदों पर युवाओं को नियुक्ति दी गई है। उन्होंने कहा लगभग 80 हजार पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। उन्होंने कहा पुलिस उप निरीक्षक के 1 हजार पदों सहित 26 हजार पदों के लिए 2 दिन पूर्व विज्ञापन जारी किया गया है।

# जैसवाल, चौधरी व दवे को 'सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड'




उड़ीसा में आयोजित हुए कार्यक्रम में जोधपुर चैप्टर के अध्यक्ष ए. के. जैसवाल, सचिव प्रो. रामप्रसाद चौधरी, काउंसिल सदस्य पी. आर. दवे को 'सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड' देकर सम्मानित किया।

**जोधपुर**, (कासं) । माइनिंग इंजीनियर्स एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एमईआईएआई) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की एनुअल जनरल मीटिंग भुवनेश्वर चैप्टर के सहयोग से उड़ीसा में आयोजित की गई। एमईआईएआई के विभिन्न चैप्टर्स व मेंबर्स को उत्कृष्ट सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में जोधपुर चैप्टर के अध्यक्ष ए. के. जैसवाल, सचिव प्रो. रामप्रसाद चौधरी, काउंसिल सदस्य पी. आर. दवे को 'सर्विस एक्सीलेंस अवार्ड' देकर सम्मानित किया गया।

एमबीएम यूनिवर्सिटी जोधपुर की माइनिंग इंजीनियरिंग छात्रा अनुश्री शेखावत को उदयपुर में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में अपने शोधपत्र की उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए 'सर्वश्रेष्ठ छात्र सदस्य' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें छात्र अध्यायों में उत्कृष्ट योगदान को लेकर प्रदान किया गया। राष्ट्रीय कार्यकारिणी के 2025-27 के आम चुनाव में, नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्री डी. बी. सुन्दराजन रमण के नेतृत्व में बनी नई टीम में ए. के. जैसवाल और मनीष वर्मा को काउंसिल सदस्य के रूप में चुना गया है।

## एम्स में एनिमा और पार्ट प्रिपेयर का कार्य ठेका कर्मी व वार्ड बॉय के जिम्मे

**जोधपुर**, (कासं) । देश के प्रतिष्ठित चिकित्सा संस्थान एम्स जोधपुर में किसी मरीज के ऑपरेशन से पहले किए जाने वाले पार्ट प्रिपेयर और एनिमा जैसी चिकित्सकीय प्रक्रियाएं संविदा पर लगे अर्धकुशल वार्ड बॉय व वार्ड लेडी से कराये जाने पर ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेन्स कर्मचारी संघ ने एतराज जताते हुए इस कार्य को प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ से कराने की मांग की हैं।

एम्स ट्रेड यूनियन के महामंत्री राज कुमार चौपड़ा ने बताया कि वार्ड बॉय और वार्ड लेडी द्वारा चिकित्सकीय कार्य करना न सिर्फ चिकित्सा नियमों का खुला उल्लंघन हैं बल्कि मरीजों की गरिमा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ हैं। इस संबध में यूनियन को लगातार शिकायतें मिल रही हैं कि वार्ड बॉय से ऐसे कार्य कराए जा रहे हैं जो उनके कार्यक्षेत्र से बाहर हैं। उन्होंने कहा कि एनिमा एक चिकित्सकीय ट्रीटमेंट है, जिसे लगाने के लिए प्रशिक्षण, संक्रमण से सुरक्षा और उचित पॉजिशनिंग की जानकारी जरूरी होती है, लेकिन यह काम बिना प्रशिक्षित कर्मचारियों से करवाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस मामले में पीजी पोर्टल पर कई बार शिकायतें और लिखित आवेदन भी दिए जा चुके हैं, जिनमें बताया गया कि यह कार्य नर्सिंग स्टाफ की सुपरविजन में करवाया जाता हैं, लेकिन सच्चाई यह हैं कि इस तरह का कोई प्रशिक्षण ही नहीं होता हैं।

चौपड़ा ने एम्स प्रशासन से सवाल किया कि अगर नर्सिंग स्टाफ की निगरानी में वार्ड बॉय एनिमा लगा सकते हैं, तो क्या आने वाले समय में एम्स द्वारा डॉक्टर्स की निगरानी में वार्ड-बॉय के हाथों मरीजों के ऑपरेशन भी कराए जाएंगे? एम्स ट्रेड यूनियन ने प्रशासन को चेताया हैं कि यदि जल्द ही इस प्रथा पर रोक नहीं लगाई तो यूनियन आंदोलन और कानूनी लड़ाई दोनों शुरू करेगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी एम्स प्रशासन की होगी।

## जोराराम कुमावत ने सुमेरपुर में जनसुनवाई की

**पाली**, (नि.सं.)। कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने आज शनिवार को जिले के सुमेरपुर ब्लाक की पंचायत समिति के सभागार में जनसुनवाई की। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिये। जनसुनवाई में लगभग विभिन्न विभागों से जुडे 40 प्रकरण प्राप्त हुये।

मंत्री कुमावत ने आमजन की समस्याओं को सुना और अधिकारियों को कहा कि आमजन की समस्याओं का प्राथमिकता से निस्तारण करें और उन्हें राहत दे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की मंशा है कि आमजन को किसी प्रकार की समस्या न हो।

जनसुनवाई में एसडीएम कालुराम कुम्हार, प्रधान उर्मिला कंवर, पालिकाध्यक्ष ललित रांकावत तखतगढ़, तहसीलदार दिनेश आचार्य, विकास अधिकारी प्रमोद दवे, इओ नरपतसिंह राजपुरोहित,सीओ जितेंद्र सिंह राठौड़ समेत कई जने मौजूद रहे।

# देव, गुरू व धर्म ही सच्चे स्तंभ, जो आत्मा को शरण देते हैं : साध्वी

**जोधपुर**, (कासं) । अमर नगर स्थित उजी तारा त्रिस्तुतिक जैन संघ भवन में आयोजित प्रवचन में साध्वी कल्पलता, सौभाग्यगुणा और वैराग्यगुणा म.सा ने कहा कि आज का संसार स्वार्थ, लालच और मोह से भरा हुआ है। लोग दूसरों की चिंता छोड़कर केवल अपने सुख की सोचते हैं। यही स्वार्थ संसार को और भी दु:खमय बना देता है। 'संसार भावना' हमें यह समझने की प्रेरणा देती है कि यह जीवन क्षिणक है और इसमें स्थायी कुछ नहीं है। उन्होंने समझाया कि जब जीव यह जानता है कि यह संसार जन्म-मरण, रोग-शोक और मोह-माया से भरा है, तभी उसमें वैराग्य जागता है और धर्म की ओर उनका झुकाव होता है। साध्वी भगवंतों ने कहा कि जो इस स्वार्थी दुनिया की असलियत को समझ लेता है, वही आत्मकल्याण की ओर बढ़ता है। प्रवचन के बाद आरती का लाभ अंजना देवी कमलेश विपिन दक्ष सेठ परिवार व प्रभावना का लाभ जसवंत हितेश सुरेश मुथा परिवार को प्राप्त हुआ।

संयम की साधना और तप की महिमा को समर्पित रविवार, 'संयम व तप दिवस' के रूप में मनाया जाएगा। तप समिति सदस्य सुरेश लूँकड़ व कमल बाफना ने बताया कि साधु व साध्वी के संयम जीवन में काम आने वाले सभी उपकरणों को वंदन किया जाएगा एवं संगीतमय भजन की प्रस्तुति दी जायेगी।

### सेवा भाव से कर्मों की निर्जरा होती है : सुमति मुनि

चौरड़िया भवन में विराजित, सुमति मुनि ने जिनवाणी फरमाते हुए कहा कि 2 कसाय की अग्नि हमारे सद्गुणों को नष्ट करते हैं। संपत्ति को अपना मानना अज्ञान है एवं इससे दु:ख उत्पन्न होता है।

उन्होंने कहा मेघकुमार को परमात्मा की देशना से वैराग्य आया। माता-पिता की आज्ञा से संयम ठाहण किया। दीक्षा में सबसे छोटे होने के कारण उनका, शय्या आसन दरवाजे के पास लगा।

आगे बताया कि रात्रि में साधुओं के आने-जाने से ठोकर लगती रही। मुनि ने सोचा एक दिन पहले में राजकुमार था, आज सभी साधुओं की ठोकरें खा रहा हूँ। सुबह होने पर परमात्मा का वंदन - नमस्कार किया।

परमात्मा ने कहा कि तुम संयम को त्याग रहे हो तथा आलोचना करने के लिए उनके पूर्व भवों को याद दिलाया। जातिस्मरण ज्ञान होने पर देखा कि हाथी के भव में वन्यजीवों की रक्षा हेतु अनुकम्पा कर इक्कीस बार जंगल को साफ किया। घर का कोई बड़ा व्यक्ति कार्य शुरू करता है तो पूरा परिवार सहयोग देता है। जंगल के सभी जानवरों ने सहयोग किया। एक दिन जंगल में आग लग गयी, सभी जीव उस शरणस्थल पर आ गये। हाथी को पैर में खुजली चली, तो खरगोश ने खाली जगह पर स्थान बनाया। हाथी ने देखा कि पैर नीचे रखेगा तो खरगोश के प्राण पखेरु उड जायेगा तुमने तीन दिन-रात तक पैर ऊपर रखा, खाना पीना नहीं हुआ और पांव अकड़ गया। तीन दिन बाद पैर सीधा रखने से तुम धडाम से नीचे गिर गये। अनुकम्पा भाव से तुम्हे मनुष्य जन्म मिला, अब थोड़े से कष्ट के लिए संयम जीवन छोड़ रहे हो। मेघकुमार ने आलोचना पूर्वक प्रतिक्रमण किया।

मुनि ने कहा कि सेवा भाव रखने से कर्मों की निर्जरा होती है। सेवा कार्य अपने हाथ से करने पर जीवों की रक्षा के लिए यतना पूर्वक कार्य होता है।


**कार्यालय ग्राम पंचायत आकोली पंचायत समिति, जालोर**

क्रमांक/ग्रापं/मनरेगा/2025-26/51 दिनांक: 18/07/2025

**ई-निविदा सूचना संख्या 02/2025-26.....आकोली**

कार्यलय ग्राम पंचायत आकोली में वित्तीय वर्ष 2025-26 की अवधि के दौरान महात्मा गांधी नरेगा योजना एवं ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग की योजनाओ में कराये जाने वाले कार्यो के लिए निर्माण सामगी एवं उपकरणो की आपूर्ति हेतु राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता अधिनियम 2012 एवं राजस्थान लोक उपापन में पारदर्शिता नियम 2013 (आदिनांक संशोधित) के अनुसार राजस्थान पंचायत राज नियम 1996 के तहत वस्तु एवं सेवाकर (GST) अधिनियम 2017 के अन्तर्गत सक्षम प्राधिकारी द्वारा पंजीकत अनुभवी एंव इच्छुक विर्निमाता (ओ) / विक्रेता (ओ) / फर्मो /संवेदको / आपूर्तिकताओ से जो किसी भी राजकीय संस्थान / उपक्रमों से बोली लगाने से विवर्जित /ब्लेक लिस्टेड नही हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से निविदाएं आमंत्रित की जाती है । ई-निविदा संबधी समस्त विस्तत विवरण कार्यालय नोटिस बोर्ड तथा www.eproc.rajasthan.gov.in एवं www.sppp.rajasthan.gov.in पर अवलोकन की जाकर डाउनलोड कर www.eproc.rajasthan.gov.in. ई-निविदा ऑनलाईन अपलोड की जा सकती है ।

**NIB No. - ZJR2526A0392**
**UBN No. - ZJR2526GLOB00664**

सरपंच/ प्रशासक, ग्राम पंचायत आकोली, पंचायत समिति जालोर

ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत आकोली, पंचायत समिति जालोर